आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 21.05.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,---

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पूरी कर लौटे, भारत को मिली 40 अरब डॉलर निवेश की सौगात।
- देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार, तीन दिन में 1 करोड़ 34 लाख सिलेंडर की डिलीवरी।
- भोपाल में कल इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के प्री-समिट का आगाज, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री करेंगे शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की कई विभागों की समीक्षा बैठक, 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना' शुरू करने के दिए निर्देश।

प्रधानमंत्री यात्रा - निवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पूरी कर आज दिल्ली लौट आए हैं। यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यह पांच दिवसीय यात्रा भारत के लिए बड़ी कामयाबी लेकर आई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर, एआई, ग्रीन हाइड्रोजन और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों की 50 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें करीब 40 अरब डॉलर के नए निवेश की प्रतिबद्धताएं मिलीं हैं।

राजीव गांधी-पुण्यतिथि

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और सोनिया गांधी 'वीर भूमि' पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि राजीव गांधी का दूरदर्शी नेतृत्व और देश के प्रति समर्पण पार्टी को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

गैस आपूर्ति- ब्रीफिंग

केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है और सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में एक करोड़ 34 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री- समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में पशुपालन, स्कूल शिक्षा, परिवहन विभाग, जनजातीय कार्य और सहकारिता विभाग की एक-एक कर समीक्षा बैठकें लीं। डॉ. यादव ने कृषि, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए। वहीं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना' शुरू करने के निर्देश दिए गए। इस योजना के पहले चरण में 1 हजार 164 मार्गों पर 5 हजार 206 बसें चलाई जाएंगी।

व्यापारी बोर्ड-गठन

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बनाया गया है। बोर्ड में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही सीआईआई, फिक्की जैसे प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि भी सदस्य होंगे।

देवास ब्लास्ट- गिरफ्तार

देवास पटाखा फैक्टरी ब्लास्ट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित और फैक्टरी मालिक मुकेश विज को चीन से लौटते ही दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया। बीती 14 मई को देवास के टोंककलां इलाके में हुए इस भीषण ब्लास्ट में 6 मजदूरों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा गंभीर रूप से झुलस गए थे।

पोस्टर विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की 'जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा' के पोस्टर का विमोचन किया। यह यात्रा 25 मई से प्रदेश के सभी जिलों में निकाली

जाएगी। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बताते हुए लोगों से जल स्रोतों की रक्षा में आगे आने की अपील की है।

### जैव विविधता दिवस

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर कल भोपाल में इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के प्री-समिट इवेंट का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव इस कार्यक्रम में वन विभाग की 20 बाइक और एक रेस्क्यू ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कम्प्यूटर ड्रॉ के जरिए इस वर्ष की कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए एक हजार यात्रियों का चयन किया। ये यात्री जून से अगस्त के बीच लिपूलेख और नाथूला दर्रों के रास्ते 20 जत्थों में रवाना होंगे और हर जत्थे में 50 यात्री होंगे।

### ब्रिक्स बैठक

नई दिल्ली में आज 11वीं ब्रिक्स आतंकवादरोधी कार्य समूह की बैठक में भारत ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी प्रकार के आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने आतंकवाद को पनाह देने वालों को जवाबदेह ठहराने और आतंकी वित्तपोषण पर अंकुश लगाने की जरूरत पर जोर दिया।

### ई-सिगरेट तस्करी

राजस्व खुफिया निदेशालय यानी डीआरआई ने ई-सिगरेट तस्करों पर बड़ा शिकंजा कसा है। महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में एक साथ छापेमारी कर तीन लाख इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पकड़ी गई हैं, जिनकी कीमत करीब 120 करोड़ रुपये बताई जा रही है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह सारा माल चीन से चोरी-छिपे मंगवाया गया था।

### बालाघाट की 'बीज सखी'

इन दिनों बालाघाट की सुनीता सिहोरे की खूब चर्चा है। उनके घर में 70 तरह के देशी बीजों का अनोखा खजाना है, जो उन्होंने खुद जमा किया है। आजीविका मिशन की बीज सखी सुनीता ये

बीज किसानों को मुफ्त देती हैं और ये बीज कम पानी, कम खाद में भी अच्छी पैदावार देते हैं। सुनीता जैसी महिलाओं की बदौलत रासायनिक खेती की आंधी में खो चुके देशी बीज एक बार फिर खेतों में लौट रहे हैं और अब पूरे प्रदेश में 454 बीज सखियां और 29 जिलों में 99 बीज बैंक तैयार हो चुके हैं।

आईपीएल

आईपीएल में अब से कुछ ही देर में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा। गुजरात पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है, जबकि चेन्नई अंक तालिका में चौथे स्थान के लिए जूझ रही है।

मौसम

अब बात मौसम की। नौतपा शुरू होने से पहले ही प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है। खजुराहो 47.4 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर बन गया है, जबकि राजधानी भोपाल में भी पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। गर्मी का असर इंसानों के साथ-साथ जानवरों पर भी पड़ रहा है। वन विहार नेशनल पार्क में शेर, बाघ और तेंदुओं के लिए कूलर, पर्दे और ग्रीन नेट लगाए गए हैं। वहीं सतना, रीवा, टीकमगढ़ समेत छह जिलों में इमरजेंसी अलर्ट जारी कर लोगों को मोबाइल पर चेतावनी संदेश भेजे जा रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

- अशोकनगर और अनूपपुर में आज जनगणना 2027 कार्य के प्रचार.प्रसार के लिए जनगणना प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- शहडोल जिले में नाव एवं मोटर बोट में निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने पर रोक के साथ कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए हैं।
- सागर नगर निगम  ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98 दशमलव 32 वेटेज स्कोर प्राप्त कर प्रदेश की 16 नगर निगमों में प्रथम स्थान हासिल किया है।
- सीहोर जिला अस्पताल में महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग ने एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के तहत बच्चों को पोषण टोकरियां बांटी गई
- झाबुआ खनिज विभाग के अमले ने जिले में सघन जांच अभियान चलाकर अवैध रूप से खनिज ले जा रहे 5 वाहनों को जब्त किया।

- छिंदवाड़ा वनवृत्त में लक्ष्य का 50 फीसदी से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण पूरा हो चुका है।
- शिवपुरी जिले के ग्राम सिरसोना एवं टीला में फार्मर रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किया गया।

----------------------